एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

सिनेमा समाज की तस्वीर है, उससे अलग नहीं है

तब्बू

मशहूर अभिनेत्री तब्बू का कहना है कि सिनेमा हमेशा सामाज की तस्वीर पेश करता है और यह उससे अलग नहीं है। उनकी आगामी फिल्म दे दे प्यार दे में लगभग 50 वर्षीय पुरुष और एक 26 वर्षीय लड़की के प्रेम संबंध को दिखाया गया है। तब्बू दे दे प्यार दे के ट्रेलर लॉन्च के अवसर पर साथी कलाकारों अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह, निर्देशक आकिव अली और निर्माता लव रंजन के साथ मीडिया से बातचीत कर रही थीं। हिंदी सिनेमा में पहले भी इस प्रकार के प्रयोग होते रहे हैं जिनमें से एक फिल्म चीनी कम में तब्बू खुद भी काम कर चुकी हैं। हिंदी फिल्मों में क्या कभी ऐसा समय आएगा जब ऐसे महिला किरदार दिखाए जाएंगे जिनकी उम्र उनके प्रेमी से ज्यादा होगी?

इसके जवाब में तब्बू ने कहा, अगर कुछ चीजें समाज में स्वीकार की जाती हैं तो मुझे लगता है कि फिल्में वही दिखाती हैं। मुझे लगता है कि बड़ी उम्र के पुरुष और कम आयु की महिला के प्रेम का कॉन्सेप्ट समाज में ज्यादा व्यापक रूप से स्वीकार किया गया है, तो इस प्रकार की ज्यादा फिल्में बनती हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि समाज के तौर तरीके और हमारे जीने के तरीके सिनेमा में दिखते हैं क्योंकि सिनेमा अलग से नहीं चल रहा है। फिल्म के अभिनेता अजय देवगन लंबे समय के बाद कॉमेडी में लौट रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बहुत मजेदार अनुभव रहा। टी-सीरीज और लव रंजन फिल्म्स द्वारा निर्मित दे दे प्यार दे 17 मई को रिलीज होगी।

शो किचन चैंपियन में नजर आएंगी नेहा पेंडसे

बिग बास 12 की एक्स कंटेस्टेंट नेहा पेंडसे जल्द ही अर्जुन बिजलानी के शो किचन चैंपियन में नजर आने वाली हैं। नेहा फिलहाल कलर्स के शो खतरा खतरा खतरा में बतौर कंटेस्टेंट दिखाई दे रही हैं। बिग बॉस 12 की कंटेस्टेंट नेहा पेंडसे जल्द ही अर्जुन बिजलानी के शो किचन चैंपियन में नजर आने वाली हैं। नेहा ने हाल ही में इस एपिसोड के लिए शूटिंग की और अपनी कुछ तस्वीर को इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया। इस तस्वीर में नेहा स्टाइलिश स्कर्ट और काले वन-शोल्डर टॉप में दिखाई दे रहीं हैं। नेहा ने बिग बॉस के घर से निकलने बाद अपने वजन में अच्छी खासी कटौती की है। पिछले साल नेहा के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हुए थे, उन वीडियो में वो पोल डांस करते हुए नजर आ रहीं थीं। फिलहाल नेहा कलर्स चैनल के रियलिटी शो खतरा खतरा खतरा में कंटेस्टेंट को रोल में नजर आ रही हैं।

नेहा को एंड टीवी के शो मे आई कम इन मैडम से काफी लोकप्रियता मिली थी। इसके अलावा नेहा फैमिली टाइम विद कपिल शर्मा में भी नजर आई थीं। इस शो में कपिल शर्मा उनके को-होस्ट थे। टेलीविजन के अलावा, नेहा ने कई मराठी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और हिंदी फिल्मों में भी काम किया है।

सानिया मिर्जा के बच्चे पर आया परिणीति चोपड़ा को प्यार

ऐक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसी बीच उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक बहुत ही प्यारा पोस्ट किया है जिसमें उनके

साथ एक प्यारा सा बच्चा दिखाई दे रहा है। इस बच्चे के साथ उन्होंने जो कैप्शन दिया है वह भी बेहद प्यारा है। यह बच्चा किसी और का नहीं बल्कि सनिया मिर्जा और शोऐब मलिक का बेटा इजहान है। फोटो में इजहान परिणीति का हाथ खाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कैप्शन दिया है, अब मैं खाला बन गई हूं। इज्जू खाने लायक है और मैं इसे खाना चाहती हूं लेकिन फिलहाल मैं उसे अपना हाथ खाने दे रही हूं। सानियामिर्जा क्या मैं इस बच्चे को हमेशा के लिए रख सकती हूं परिणीति इस वक्त दुबई में शूटिंग कर रही हैं और सानिया मिर्जा के घर पर बढ़िया वक्त गुजार रही हैं। वर्कफ्रंट पर बात करें तो परिणीति इस वक्त साइना नेहवाल पर बन रही बायॉपिक में काम कर रही हैं। श्रद्धा कपूर के फिल्म छोड़ने के बाद परिणीति को इस फिल्म में लिया गया है।

अब वेब सीरीज के जरिए अपने फैशन सीक्रेट्स फैंस के साथ शेयर करेंगी सोनम कपूर

अपने फैशन स्टेटमेंट से हमेशा सराहना पाने वालीं अभिनेत्री सोनम कपूर आहूजा एक आगामी वेब सीरीज में अपने कुछ स्टाइल सीक्रेट्स का खुलासा करने जा रही हैं।

बेल्जियन चॉकलेट आइसक्रीम ब्रांड मैग्नम ने मैग्नमएक्ससोनम कोलेबरेशन से जुड़ा वीडियो पेश किया, जिसमें अभिनेत्री अपने आगामी स्टाइल प्रोजेक्ट को लेकर लोगों के बीच उत्सुकता जगाती नजर आ रही हैं।

सोनम ने कहा कि एक ऐसे ब्रांड का प्रचार करना रोमांचकारी है, जो इन्डलजेन्स और स्टाइल की उत्कृष्टता का हॉलमार्क है और जो जो वास्तव में उसे दर्शाता है जो मेरी स्टाइल को प्रेरित करता है।

उन्होंने कहा, यह कोई राज नहीं है कि फैशन मेरा अभिन्न हिस्सा है। यह मुझे कई तरह से परिभाषित करता है और मैं अपने स्टाइल को बहुत गंभीरता से लेती हूं। मैग्नम के साथ, मैं यहां एक ऐसा माहौल बनाने आई हूं, जो फैशनिस्टों को अपने खुद के स्टाइल रूल्स बनाने और स्टीरियोटाइप्स को तोड़ने के लिए प्रोत्साहित करती है। मेरे आगामी स्टाइल प्रोजेक्ट के लिए तैयार रहें।

चार देशों में होगी टाइगर-श्रद्धा स्टारर बागी 3 की शूटिंग

टाइगर श्रॉफ और श्रद्धा कपूर की सिजलिंग केमिस्ट्री फिल्म बागी की तीसरी इंस्टॉलमेंट में नजर आएगी। फिल्म के मेकर्स तीसरे पार्ट को पहले दो पार्ट से और बड़ा बनाना चाहते हैं। यही वजह है कि फिल्म की शूटिंग 4 देशों में होगी।

रिपोर्ट्स की मानें तो प्रड्यूसर साजिद नाडियाडवाला और डायरेक्टर अहमद खान फिल्म के क्रू के साथ चार देशों में लोकेशन्स को देखने के लिए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि टीम 15 दिनों तक मोरक्को, इजिप्ट, सर्बिया और टर्की में लोकेशन की तलाश करेगी। उन्हें लगता है कि टर्की और सर्बिया उनके नैरेटिव से सूट करता है लेकिन अन्य ऑप्शन्स के तौर पर वे इजिप्ट और मोरक्को भी जाना चाहते हैं। बता दें, बागी 3 सिनेमाघरों में 6 मार्च 2020 को रिलीज होगी। पहले पार्ट में टाइगर के ऑपोजिट श्रद्धा कपूर तो दूसरे पार्ट में दिशा पाटनी नजर आई थीं।